दिनांक 04.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

7 एवं 8 जनवरी को स्वरोजगार मेला (लोन मेला) का आयोजन किया जाएगा नगर निगम के मुख्य कार्यालय में'

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण एवं बैंक लिंकेज अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर स्वीकृति एवं वितरण की त्वरित कार्रवाई हेतु 7 एवं 8 जनवरी 2019 को बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में लंबित प्रकरण निपटान एवं स्वरोजगार शिविर लोन मेला का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में निगमायुक्त सुंदरानी सह सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पालिक निगम भिलाई ने सभी बैंकों के प्रबंधक/शाखा प्रबंधक को पत्र प्रेषित किया है।

आयुक्त महोदय द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेखित अनुसार दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 7 एवं 8 जनवरी 2019 को नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में लंबित प्रकरण निपटान एवं स्वरोजगार शिविर (लोन मेला) का आयोजन प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा !शिविर में जिला के अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों एवं नवीन ऋण प्रकरणों पर स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही किया जाना है।

निगमायुक्त ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्धारित दिवस में लंबित प्रकरणों के हितग्राहियों को शिविर स्थल में उपस्थित होने के लिए सूचित करते हुए लंबित प्रकरणों, आवेदन पत्र, दस्तावेजों एवं समस्त तैयारी के साथ निर्धारित समय में उपस्थित होने पत्र प्रेषित किया है।

निगमायुक्त सुंदरानी ने बताया कि स्वरोजगार मेला के आयोजन से प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाएगा जिससे लोगों को फायदा मिलेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी